# जिसका बकरा चुराया उसी के भाई को बेचने पहुंच गया

## दोनों भाईयों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले




**शहडोल, देशबन्धु।** सोहागपुर पुलिस ने एक बकरा चोर को गिरफ्तार किया है। चोर ने जिसके घर से बकरा चुराया था, उसी के ही भाई की दूकान वह बकरे का सौदा करने पहुंच गया। हालांकि, बकरा चोर इस बात से अनजान था कि जिस पोल्ट्री फार्म में वह बकरे का सौदा करने गया है। दरअसल वह बकरे मालिक का भाई है। बहरहाल चोर अब पुलिस की गिरफ्त में है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सोहागपुर थाना क्षेत्र के बाणगंगा के पास रहने वाले तबारक अली बकरा-बकरी पालन का शौक रखते हैं। उनके घर में करीब चार दर्जन से अधिक बकरे-बकरियां हैं, जिसमें से एक बकरा उनके घर की बा?ी से अज्ञात चोर ने गत रात पार कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी बकरा नहीं मिला, जिसके बाद बकरा मालिक तबारक अली ने आईटीआई के पास पोल्ट्री ?ार्म की दुकान चलाने वाले अपने भाई मुकादम अली को भी इसकी जानकारी दी।

अगली सुबह एक अज्ञात व्यक्ति मुकादम की पोल्ट्री फार्म में आया और कहा कि उसके पास एक बकरा है, जिसे वह बेचना चाहता है। जैसे ही अनजान व्यक्ति ने बकरा बेचने की बात कही तो मुकादम को ख्याल आया कि कहीं यह मेरे भाई के घर से चुराया हुआ बकरा तो नहीं है। उसके बाद उसने बकरा बेचने की बात कहने वाले व्यक्ति से कीमत पूछी तो उसने पहले चार हजार रुपये बताया, लेकिन फिर सौदा 17 सौ रुपये में तय हो गया। बकरा बेचने वाले व्यक्ति से मुकादम ने कहा कि जाओ बकरा लेकर मेरी दुकान पर आओ। लेकिन अभी तक बकरा बेचने वाला आरोपी इस बात से अनजान था कि वह जिस दुकानदार से बकरे का सौदा कर रहा है, वह उसके ही भाई के घर से उसने यह बकरा चुराया है। बहरहाल, बकरा चोर ?ुशी-खुशी बकरा लेने चला गया। वह जैसे ही दुकान से निकला पोल्ट्री ?ार्म संचालक मुकादम ने अपने भाई जिसका बकरा चोरी गया था, उसे दुकान पर आने को कहा। कुछ ही देर में बकरा मालिक तबारक अली अपने भाई मुकादम की दुकान में आकर अंदर छुप गया। कुछ ही देर में बकरा चोर पटेल नगर निवासी प्रेम सिंह पाठक अपने दो अन्य साथियों के साथ बकरे को रस्सी में बांधकर मुकादम की पोल्ट्री फार्म पहुंच गया। जैसे ही बकरा वहां लाया गया, उसे बकरे मालिक तबारक अली ने पहचान लिया। उसके बाद बकरा चोर घबरा गया और वहां से भागने लगा। लेकिन दोनों भाइयों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। चोरी हुआ बकरा बरामद कर लिया गया है, मामले की विवेचना जारी है।

# युवक से अवैध नशीली कफ सीरप बरामद



**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की पपौंध पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी कड़ी में पपौंध पुलिस ने 15 नग अवैध नशीली कफ सीरफ बरामद किया है। पुलिस ने इस नशे के सौदागर के खिलाफ एनडीपीएस एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पपौंध पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ओमप्रकाश प्रजापति अवैध नशीली सिरप राकेश जायसवाल से खरीदकर बेचने हेतु मोटर सायकिल से पपौंध से कुंआ जाने वाला है। सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा चांदबहार पहुंचकर नाकाबंदी की गई। जहां मोटर सायकिल एक व्यक्ति आते दिखा। जिसे रोकवाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ओमप्रकाश प्रजापति उर्फ ओपी उम्र 24 वर्ष निवासी कुंआ का होना बताया। तलाशी लेने पर झोले में से 15 नग नशीली कफ सिरफ कीमत तीन हजार रूपये का होना पाया गया। उक्त नशीली कफ सिरफ के बारे में दस्तावेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज न होना बताया एवं पूछताछ में उसने बताया कि उक्त नशीली सिरफ राकेश जायसवाल निवासी पपौंध से बेचने हेतु खरीदा है। जिससे उक्त नशीली कफ सिरफ को जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं मप्र ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पपौंध उनि. विजेन्द्र मिश्रा, सउनि राकेश पाण्डेय, प्रआर. गिरधारी सिंह, कुंदन सिंह, आर. हनुमान सिंह एवं केशर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## सार-समाचार

### फुटबाल खेल के लिए 21 को टैलेन्ट सर्च

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग व भारतीय खेल प्राधिकारण खेलों इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में खेलों इण्डिया स्मॉल फीडर सेन्टर विचारपुर फुटबाल खेल के लिए टैलेन्ट सर्च आईडेन्टीफिकेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह टैलेन्ट सर्च आईडेन्टीफिकेशन 21 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक स्व. जयपाल सिंह मुण्डा खेल मैदान विचारपुर विकासखण्ड सोहागपुर में होगा। फुटबॉल खेल हेतु खिलाडियों को खेलों इण्डिया स्मॉल फीडर सेन्टर में प्रवेश 20 बालक 20 बालिकाओं चयन हेतु टैलेन्ट सर्च (प्रतिभाखोज) का आयोजन किया गया है। अतिरिक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी शहडोल अभिषेक दीवान के मार्गदर्शन में खेलों इण्डिया स्मॉल फीडर सेन्टर फुटबॉल हेतु टैलेन्ट सर्च में 11 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं का चयन किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी आयु प्रमाण पत्र के लिए जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति और निवास प्रमाण पत्र के साथ 02 फोटो ग्राफ एवं अभिभावक का अनुमति प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा।




### जनसुनवाई में आए 15 आवेदन

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में 15 आवेदन आए। जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर बड़ी संख्या में आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया।

### 15 दिसम्बर तक संचालित होगा राजस्व महाअभियान 3.0

**पन्ना,देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार आगामी 15 दिसम्बर तक संचालित होने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 में राजस्व के समस्त प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा जिले में महाअभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूर्व में जरूरी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान 3.0 के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों जैसे नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन इत्यादि का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराने, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैचुरेशन, आधार लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन है।

### ट्रेक्टर से भिड़ा बाइक सवार, पहुंचा अस्पताल

**ब्यौहारी,देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पपड़ेरी में हायर सेकेंडरी स्कूल के पास मोंड में 3.0 बजे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ गया मोटरसाइकिल सवार को गंभीर हालत में ब्यौहारी-हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है घायल की पहचान के रूप में शिवभान सिंह गोंड जो की दादरा टोला के रहने वाले पपडेरी से दादर टोला जा रहे थे। युवक की हालत खतरे से बाहर है पैर टूट गया है जिसका इलाज जारी है।



# गैर क्रियाशील शौचालयों को चिन्हित कर जन उपयोगी बनाएं



**पन्ना,देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान आगामी 10 दिसम्बर तक संचालित किया जाएगा। आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान की अवधि में जिला अंतर्गत व्यक्तिगत, संस्थागत और सामुदायिक स्वच्छता परिसरों को उपयोगी बनाने और पूर्णत: सक्रिय करने सहित इनकी साफ-सफाई का कार्य अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गैर क्रियाशील शौचालयों का चिन्हांकन कर जनउपयोगी बनाया जाए। इस कार्य में बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता के जरिए लोगों को शौचालयों के उपयोग का महत्व बताएं। शौचालय परिसरों की साफ-सफाई एवं उपयोग से जनस्वास्थ्य की रक्षा के बारे में भी लोगों को अवगत कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय संस्थाओं व परिसरों में भी आवश्यकता का आंकलन कर शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। स्कूल और आंगनबा?ी केन्द्रों में प्राथमिकतानुसार जनपद पंचायत के उपयंत्रियों द्वारा भ्रमण कर शौचालयों की स्थिति का मूल्यांकन और स्टीमेट की कार्यवाही की जाए। इसी तरह वृहद स्वरूप के विभागों के जिला अधिकारी भी विभाग अंतर्गत संस्थाओं में अभियान चलाकर अपेक्षानुरूप कार्य करें। इस दौरान विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण और सीएसआर फण्ड की शेष राशि से प्रथम चरण में बिजली और पानी की उपलब्धता वाले स्कूल और आंगनबा?ी केन्द्रों में शौचालयों की आवश्यक मरम्मत एवं नवीन कार्यों के लिए निर्देशित किया गया। द्वितीय चरण में शौचालयविहीन संस्थाओं में विद्युत एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था के साथ शौचालय निर्माण के संबंध में चर्चा की गई।

जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने ओडीएफ प्लस मॉडल और सत्यापन की प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए अभियान अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों, इसकी रूपरेखा और उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया तथा समय-सीमा में संपादित की जाने वाली गतिविधियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं, निगरानी और मूल्यांकन सहित ग्राम एवं जनपद पंचायत की भूमिका और रिपोर्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# कलेक्टर ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में की समीक्षा



**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति तथा एकल व समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिले में क्रियान्वित कार्यों की जानकारी लेकर पूर्ण परियोजनाओं को सही तरीके से हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। कुछ मामलों में हर घर रिपोर्ट की स्थिति के बावजूद गैर प्रमाणन वाले ग्रामों की सूची प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह पानी आपूर्ति वाले ग्रामों के परिवार के मुखिया की पंचायत दर्पण पोर्टल पर एंट्री तथा जल कर जनरेशन एवं वसूली के संबंध में चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए गए।

जल निगम द्वारा क्रियान्वित समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा में ओवर हेड टैंक एवं टंकी निर्माण व जमीन आवंटन के मामलों सहित सपोर्टिंग एजेंसी टीम के सहयोग तथा कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। साथ ही परियोजनाओं के संचालन-संधारण, पानी सप्लाई के लिए मीटर रीडिंग व्यवस्था, परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान चुनौतियों सहित ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव के सहयोग तथा लापरवाही पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा द्वारा जिले में क्रियान्वित चार परियोजनाओं क्रमश: सिंघौरा-2, पवई-ब्यारमा, मझगांय तथा पवई बांध समूह जल परियोजनाओं से लाभांवित होने वाले ग्रामों तथा कार्य की अद्यतन प्रगति सहित अन्य कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया। जिला कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना में मिलेगी मुफ्त बिजली

## तीन किलोवॉट के सौर संयंत्र लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी



**पन्ना,देशबन्धु।** केंद्र सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में एक किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवाट या उससे ऊपर 10 किलोवॉट तक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इसके लिए उपभोक्ताओं को इस योजना में शामिल करके पीएम सूर्य घर योजना से जो?ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवेदन के लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट अथवा उपाय एप, वॉट्सएप चैटबॉट व टोल फ्री नं 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन करने का तरीका

पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करें। राज्य का चुनाव करके विद्युत वितरण कंपनी चुनें। फिर उपभोक्ता क्रमांक दर्ज करें। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर और मेल आईडी डालें। उपभोक्ता नंबर और मोबाइल नंबर से लॉगिन कर रूफटाप सोलर के लिए आवेदन करें। अनुमोदन अर्थात अप्रूवल के लिए थो?ा इंतजार करें। बिजली वितरण कंपनी में पंजीकृत वेंडर से ही सौर संयंत्र लगवाएं। एक बार इंस्टॉलेशन पूरा हो जाने पर प्लांट का विवरण जमा करें। नेट मीटर की स्थापना और डिस्काम द्वारा निरीक्षण के बाद पोर्टल से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कमीशनिंग रिपोर्ट प्राप्त कर आप अपना बैंक खाता विवरण तथा एक निरस्त चेक पोर्टल के माध्यम से जमा करें। तत्पश्चात 45 दिनों में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सब्सिडी प्राप्त हो जाएगी।



# कलेक्टर ने ग्राम कुडार एवं दहलान चौकी का किया भ्रमण

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ार एवं दहलान चौकी पहुंचकर ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों से आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों से संवाद कर विभिन्न विभागों की योजनाओं व लाभ के बारे में पूछा। साथ ही ग्राम पंचायत के माध्यम से क्रियान्वित सेवाओं की जानकारी भी ली। इसके अलावा ग्राम में स्थित शासकीय शालाओं का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता देखी। उपस्थित शिक्षकों से बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं पठन पाठ्य सामग्री के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने बच्चों से स्कूल की गतिविधि व सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर शाला परिसर का भ्रमण भी किया। इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर पंजीकृत एवं उपस्थित बच्चों के बारे में जानकारी लेकर आंगनबाड़ी सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

**पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आकस्मिक निरीक्षण**

# पवई में भी बनेंगे सौ-सौ सीट के दो छात्रवास

**पन्ना,देशबन्धु।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी आवासीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत केन्द्र सरकार ने देश के सभी प्रदेशों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण के लिये स्वीकृति दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को मान्य करते हुए 20 जिलों में 100 ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। हर ब्लॉक में 2-2 ट्राइबल छात्रावास बनाये जायेंगे। यह सभी ट्राइबल छात्रावास 4-4 करो? रूपये की लागत के और 100-100 सीटर होंगे। अभियान के तहत पन्ना जिले के पवई में भी हॉस्टल बनेगा।

यह ट्राइबल छात्रावास ऐसे स्थान पर (संभवत: सीएम राइज स्कूल परिसर में या इसके समीप) बनाये जायेंगे, जिससे आसपास के गांवों के जनजातीय विद्यार्थियों को रहने और शिक्षा पाने की स्थायी सुविधा मिल सके। सभी जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास एवं कल्याण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनजातीय बहुल गांवों का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। जनजातीय समुदायों की आबादी इस अभियान से सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

न्यायालय श्रीमान् अपर प्रधान परिवारिक न्यायाधीश महोदय
कक्ष सं0-01 कानपुर नगर
वाद संख्या-594 सन, 2021
1- श्रीमती सोनाली अग्रवाल आयु लगभग 25 वर्ष पत्नी गौरव अग्रवाल पुत्री श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, 2-कु0 आदिविका अग्रवाल उर्फ लाडो रानी आयु 2 वर्ष लगभग पुत्री गौरवल अग्रवाल द्वारा प्राकृतिक एवं नैसर्गिक संरक्षिका माता श्रीमती सोनाली अग्रवाल निवासीगण मकान नं0 55/113 जनरलगंज कानपुर नगर।
- प्रार्थिनीगण
बनाम: गौरव अग्रवाल आयु लगभग 32 वर्ष बालिग पुत्र नन्द कुमार अग्रवाल निवासी नवजीवन विहार विन्ध्य नगर सिंगरौली थाना विन्ध्य नगर सिंगरौली म0प्र0 । ....विपक्षी
ता0 पेशी-03/12/2024
प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 125 सी0आर0पी0सी0 भरण पोषण हेतु
चूँकि आपके विरुद्ध-श्रीमती सोनाली अग्रवाल ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 125 सी0आर0पी0सी0 भरण पोषण हेतु वास्ते दिलाने गुजारा प्रतिमाह दाखिल किया है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 03/12/2024 को स्वंय न्यायालय में उपस्थित होकर अगर आपको कोई आपत्ति हो तो प्रेषित करे आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षिय आदेश पारित होगा। आज दिनांक 18/11/2024 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी।
आज्ञा से- मुंसरिम/ रीडर
न्यायालय श्रीमान् अपर प्रधान परिवारिक न्यायाधीश महोदय
कक्ष सं0-01 कानपुर नगर